# BPSC MENTORSHIP
## Current Affairs Capsule 06

### 1. 5वाँ बॉक्साइट सीआरएम

- नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के संयुक्त सहयोग से 'BARC B1201' के रूप में एक बॉक्साइट प्रमाणित संदर्भ सामग्री (CRM) सफलतापूर्वक विकसित की गई है।
- यह भारत में अपनी तरह का पहला और विश्व में 5वाँ सीआरएम है।
- BARC B1201 को औपचारिक रूप से 24 मार्च, 2023 को लॉन्च किया गया।

### 2. जीआई टैग

- 26 मार्च, 2023 को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सुंदरजा आम, मुरैना के गजक और छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नागरी दुबराज चावल को जीआई टैग देने की घोषणा की है।

### 3. पेंशन सुधारों

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर सरकारी कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने समिति का गठन किया है, जिसके अध्यक्ष वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन हैं।
- यह समिति वित्तीय रूप से असावधान पुराने पेंशन सिस्टम (ओपीएस) और सुधार-अभिवृद्धि योग्य एनपीएस के बीच एक मध्य मार्ग खोजने का उद्देश्य रखती है।
- इसको केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के लिए लागू किया जाएगा।

### 4. स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक : राजस्थान

- ऐतिहासिक कानून राजस्थान को भारत का पहला राज्य बनता है, जो राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा को कानूनी अधिकार देता है।

### 5. शंघाई सहयोग संगठन का नया संवाद भागीदार

- सऊदी अरब ने चीन और रूस के वर्चस्व वाले क्षेत्रीय गठबंधन शंघाई सहयोग संगठन (SCO) में शामिल होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### 6. वर्चुअल मुद्रा या सम्पत्ति के व्यापार पर कानून

- केंद्र सरकार ने कहा है कि धनशोधन अधिनियम 2002, क्रिप्टो मुद्रा या वर्चुअल सम्पत्ति के व्यापार पर लागू होगा।
- वित्त मंत्रालय ने गजट अधिसूचना में वर्चुअल डिजिटल सम्पत्तियों को सुरक्षित रखने और वर्चुअल डिजिटल सम्पत्तियों की बिक्री और पेशकश से संबंधित वित्तीय सेवाओं में भाग लेना भी धनशोधन कानून के अंतर्गत आएगा।
- वर्ष 2022-23 के बजट में, सरकार द्वारा ऐसी संपत्तियों में लेन-देन से होने वाली आय पर 30% कर लगाया गया था।

### 7. वोस्ट्रो रुपया खाता

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा 18 देशों के बैंकों को भारतीय रुपये में भुगतान निपटाने के लिए विशेष वोस्ट्रो रुपया खाता (एसवीआरए) खोलने की अनुमति दी गई है।
- इससे पहले RBI ने पहली बार दिसंबर, 2022 में इंडियन रूपी ट्रेड सेटलमेंट मैकेनिज्म के माध्यम से श्रीलंका के साथ व्यापार के लिए और रूस के साथ रुपये में व्यापार के लिए खाते खोलने की मंजूरी दी थी।
- आरबीआई द्वारा एसवीआरए की प्रक्रिया जुलाई, 2022 में शुरू की गई।
- वोस्ट्रो खाता वह खाता है, जिसका घरेलू बैंक उपयोग अपने ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए करते हैं, जिनकी वैश्विक बैंकिंग जरूरतें हैं।

### 8. रु. 2,000 से अधिक यूपीआई लेन-देन पर अधिभार

- नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) पर मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर 'प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (PPI)' शुल्क का सुझाव दिया गया है।
- 1 अप्रैल, 2023 से UPI पर रु. 2,000 से ऊपर के लेन-देन पर PPI शुल्क लगाया गया है, अब लेन-देन मूल्य के 1.1% शुल्क है।

### 9. विश्व के सबसे बड़े स्टॉक मार्केट : एजुकेशन कॉन्वलेव

- 12 मार्च, 2023 को नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में भारत के इतिहास में पहली बार व विश्व के सबसे बड़े शेयर बाजार शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया है।
- पुष्कर राज ठाकुर ने इस शिक्षा सम्मेलन का नेतृत्व किया।

### 10. सिलिकॉन वैली बैंक

- अमरीका में सबसे बड़ी वित्तीय संस्थागत विफलता में देश का सबसे बड़ा सिलिकॉन वैली बैंक बंद हो गया है।

### 11. विश्व का तीसरा व्यक्ति HIV मुक्त

- जर्मनी का एक बुजुर्ग व्यक्ति जिसे डसेलडोर्फ रोगी के रूप में जाना जाता है, HIV से ठीक होने वाला विश्व का तीसरा व्यक्ति बन गया है।

### 12. ज्वालामुखी : माउंट मेरापी

- 11 मार्च, 2023 को विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक इंडोनेशिया का माउंट मेरापी ज्वालामुखी फट गया और गर्म राख के बादल और चट्टान, लावा और गैस का मिश्रण आस-पास के 7 गाँवों में फैल गया।

### 13. भारत का पहला जियोलॉजिकल पार्क

- भारत का पहला भूवैज्ञानिक उद्यान (Geological Park) मध्य प्रदेश के जबलपुर के लम्हेटा में नर्मदा नदी के किनारे बनेगा।
- खनन मंत्रालय के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा पार्क के लिए मंजूरी दी गई।
- 1928 में, विलियम हेनरी स्लीमैन (William Henry Sleeman) ने लम्हेटा क्षेत्र से एक डायनासोर के जीवाश्म की खोज की थी। यूनेस्को ने लम्हेता को भू-विरासत स्थल के रूप में भी मान्यता दी है।

### 14. भारत का पहला स्वदेशी चौपाया रोबोट

- आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में हैदराबाद स्थित Svaya Robotics Delops ने रक्षा क्षेत्र के लिए भारत का पहला स्वदेशी चौपाया (चार पैरों वाला) रोबोट, एक्सोस्केलेटन विकसित किया है।

### 15. बरदा वन्यजीव अभयारण्य, गुजरात

- गुजरात सरकार ने शेरों के वर्तमान घर गिर राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 100 किमी. दूर बरदा वन्यजीव अभ्यारण्य में एशियाई शेरों के लिए एक-दूसरे घर का प्रस्ताव दिया है।

### 16. अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट

- अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा के टिकली गाँव में आयोजित एक कार्यक्रम में, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र यादव ने अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य अरावली के आस-पास के 5 किमी. बफर क्षेत्र को हरित बनाना है।
- अरावली विश्व के सबसे पुराने वलित पर्वतों में से एक है। इस रेंज की सबसे ऊँची चोटी, गुरु शिखर की ऊँचाई 1,722 मीटर (5,650 फीट) है।

### 17. भारत का 37वाँ जैव विविधता विरासत स्थल

- ओडिशा सरकार ने बोलांगीर और बरगढ़ जिलों में 18,963.898 हेक्टेयर में फैल गंधमर्दन पहाड़ी को राज्य की तीसरी जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में घोषित किया है।
- यह पहाड़ी श्रृंखला, जिसे 'आयुर्वेदिक स्वर्ग' के रूप में जाना जाता है।

#### जैव विविधता स्थल

- भारत का पहला जैवविविधता विरासत स्थल वर्ष 2007 में नल्लूर इमली ग्रोव (बेंगलुरु, कर्नाटक में घोषित किया गया।

### 18. तमिलनाडु का 18वाँ वन्यजीव अभयारण्य

- तमिलनाडु सरकार ने थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य को राज्य का 18वाँ वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का फैसला किया है।

### 19. क्वांटम कंप्यूटिंग-आधारित टेलीकॉम नेटवर्क लिंक

- 27 मार्च, 2023 को दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत का पहला क्वांटम कंप्यूटिंग आधारित दूरसंचार नेटवर्क लिंक, नई दिल्ली में प्रारंभ किया है।

### 20. पेपर बेस्ड पोर्टेबल डिवाइस

- IIT मद्रास के शोधकर्त्ताओं ने दूध में मिलावट का पता

लगाने के लिए एक अनोखा डिवाइस विकसित किया है, यह पेपर बेस्ड पोर्टेबल डिवाइस 30 सेकंड के भीतर दूध में मिलावट का पता लगा सकता है।

## 21. ईरानी कप 2022-23

- 59वें ईरानी कप 2022-23 के फाइनल में 'रेस्ट ऑफ इंडिया' की टीम ने रणजी ट्रॉफी 2022 के चैंपियन मध्य प्रदेश को 238 रन से शिकस्त दी।

## 22. महिला प्रीमियर लीग 2023

- हरमनजीत कौर के नेतृत्व ने मुंबई इंडियंस ने पहला महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीता है।
- 26 मार्च, 2023 को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया।
- WPL का पहला मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात जाएंट्स के बीच हुआ, जो मुंबई इंडियंस 143 रनों से जीता।

## 23. महिला प्रीमियर लीग (WPL)

- पहला संस्करण मुंबई में 04 से 26 मार्च, 2023 तक आयोजित हुआ।
- कुल 22 मैच आयोजित हुए एवं 5 टीमों को रु. 4669.99 करोड़ और बीसीसीआई द्वारा रु. 951 करोड़ में मीडिया अधिकार बेचने के साथ (WPL) IPL के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी टी-20 लीग है।

## 24. 76वीं संतोष ट्रॉफी

- कर्नाटक ने 76वीं संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशीप जीती है।
- सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए 4 मार्च, 2023 को फाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने मेघालय को 3-2 से हराया।

## 25. एशियन अल्ट्रा साइकिलिंग चैंपियनशिप

- 1 मार्च, 2023 से एशिया की सबसे लंबी साइकिल दौड़ 'एशियन अल्ट्रा साइकिलिंग चैंपियनशिप' श्रीनगर, कश्मीर से कन्याकुमारी तक प्रारंभ की गई।